तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 14 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2 आज के समय में सामाजिक एकता बेहद जरूरी



प्रदेश में बढ़ रहे रोजगार के अपार संभावनाएं औद्योगिक फायर सेफ्टी प्रशिक्षण द्वारा

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

तुलसी में आज से शुरू होगा श्री अखण्ड नवधा रामायण यज्ञ

जांजगीर-चांपा। ग्राम तुलसी में इस वर्ष भी श्री अखण्ड नवधा रामायण यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। बस्तीपारा-तुलसी के तत्वावधान में आयोजित इस यज्ञ का शुभारंभ 14 नवंबर को कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन समिति के अनुसार यज्ञ 14 नवंबर से प्रारंभ होकर 24 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन मानस गायन, रामकथा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। दूर-दराज से मानस मंडलियां इस आयोजन में शामिल होंगी। कार्यक्रम के अनुसार 14 नवंबर शनिवार को कलश यात्रा एवं शुभारंभ होगा। 18 नवंबर बुधवार को श्री सीताराम विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 23 नवंबर सोमवार को श्री रामराज्याभिषेक महोत्सव होगा। रात्रि 8 बजे से मानस गायन फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 24 नवंबर मंगलवार को हवन, सहस्त्र धारा, विसर्जन एवं ब्राह्मण भोज के साथ यज्ञ का समापन होगा। मानस गायन प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को 15026 रुपए एवं शिल्ड, द्वितीय को 13026 रुपए, तृतीय को 10026 रुपए सहित कुल दस पुरस्कार दिए जाएंगे। यज्ञ में व्यास आसन पर पं. चंद्रकांत पाण्डेय एवं पं. रमाकांत पाण्डेय विराजमान होंगे। यजमान की भूमिका जगदीश-सरिता निर्मलकर एवं प्रहलाद-बबीता कश्यप निभाएंगे। आयोजन समिति ने मानस प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने अपील की है।

बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस की जनचौपाल आज

जांजगीर-चांपा। लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा, लगातार बढ़ती महंगाई और आम जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जांजगीर द्वारा कल शनिवार, 14 नवंबर को शाम 4 बजे स्थानीय शारदा चौक में 'जनचौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक ब्यास कश्यप एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल शामिल होंगे। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस जनचौपाल के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, चुनावी प्रक्रिया में कथित वोट चोरी, महंगाई दर में लगातार हो रही वृद्धि तथा आम आदमी के जीवन को प्रभावित करने वाले स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामविलास राठौर एवं महामंत्री-प्रवक्ता अनिल कुमार राठौर ने निर्धारित समय पर शारदा चौक पहुंचने की अपील की है।

चारपारा में सतनाम सत्संग समारोह आज से

जांजगीर-चांपा। ग्राम चारपारा में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं सतनाम पंथ के प्रचार-प्रसार हेतु तीन दिवसीय सतनाम सत्संग समारोह का आयोजन 14 से 16 नवम्बर तक किया जाएगा। समारोह ग्राम चारपारा, मालखरौदा, जिला सक्ती में आयोजित होगा। कार्यक्रम के प्रथम दिन 14 नवम्बर को दोपहर 3 बजे से भव्य शोभा यात्रा निकलेगी, जो ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर सत्संग स्थल चिखली डहर प्राथमिक स्कूल के पास पर पहुंचेगी।

जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड क्रमांक 23 की घटना

घर में घुसकर महिला से लूट, हमला कर नकदी व जेवर समेत 10 लाख का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के मुख्यालय जांजगीर में शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई लाखों रुपए की लूट की सनसनीखेज वारदात ने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 में दो अज्ञात लुटेरों ने एक घर में घुसकर अकेली महिला के साथ मारपीट की और सोने-चांदी नगदी समेत 10 लाख का माल पार कर दिया।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के मुख्यालय जांजगीर में शुक्रवार 13 नवंबर को दिनदहाड़े हुई 10 लाखं रुपए की लूट की सनसनीखेज वारदात ने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 में दो अज्ञात लुटेरों ने एक घर में घुसकर अकेली महिला के साथ मारपीट की और सोने-चांदी के लाखों रुपए के जेवरात व नकदी लूटकर फरार हो गए। दिन के उजाले में, घनी आबादी वाले मोहल्ले में हुई इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद पीड़ित महिला ने परिजनों और मोहल्ले वालों को घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में पूरे मोहल्ले में खबर फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोग घटना की जानकारी लेने के लिए घर के बाहर इकट्ठा हो गए।दिनदहाड़े घर में घुसकर हुई इस लूट की घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब दिन में भी महिलाएं घर में सुरक्षित नहीं हैं, तो रात में क्या हाल होगा। लोगों ने कहा कि शहर में चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्त न के बराबर है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को आरोपियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने लोगों को अज्ञात लोगों को घर में न घुसने देने और सतर्क रहने की सलाह भी दी है। वहीं, दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना ने शहर की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



वह घर जहां हुई है लूट की वारदात।



बिखरा पड़ा सामान।

पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित महिला से विस्तार से पूछताछ कर आरोपियों का हुलिया नोट किया। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।पुलिस ने संदिग्धों से भी पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान के लिए सभी एंगल से जांच की जा रही है। मोहल्ले में आने-जाने वाले अज्ञात लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

की जा रही जांच

जिला मुख्यालय के एक घर में घुसकर महिला से मारपीट एवं लूटपाट का मामला सामने आया है। इसे लेकर अपराध दर्ज किया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

-युलैण्डन यार्क,
एएसपी, जांजगीर चांपा

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप परिवार परामर्श केंद्र से सदस्य की छुट्टी

भाजपा नेत्री के खिलाफ शिकायत, एसपी ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लेने का मामला सामने आते ही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है, मामले में परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य पद से भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य को हटाने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही शिकायत की जांच के लिए डीएसपी को आदेशित किया गया है।

इस संबंध में पुलिस से मिलो जानकारी के अनुसार रायपुर जिले के तेलीबांधा निवासी श्रवण गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक जांजगीर को लिखित आवेदन सौंपकर नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने और पैसे वापस दिलाने की मांग की है, जिसके एक दिन बाद ही पुलिस अधीक्षक ने परिवार परामर्श केंद्र की परामर्शदात्री सदस्य का नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया है। आवेदन में युवक ने बताया है कि वह पूर्व में प्राइवेट ठेका कंपनियों के अंतर्गत एवं अन्य जगहों पर कार्यरत था, किंतु पिछले 1-2 वर्षों से बेरोजगार था और काम की तलाश में लगातार प्रयास कर रहा था, इसी दौरान वह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में लगने वाले जनदर्शन में काम के सिलसिले में गया हुआ था, जहां कार्यालय परिसर में उसकी मुलाकात भाजपा नेत्री से हुई उसने स्वयं को भाजपा महिला मोर्चा में प्रदेश पदाधिकारी बताया और कहा कि जांजगीर-चांपा जिले के कई बड़े उद्योगों में उनकी पहचान है। युवक का आरोप है कि उसने उसे एवं कुछ अन्य लोगों को नौकरी दिलवाने के नाम पर जांजगीर-चांपा बुलाया और केएसके या प्रकाश इंडस्ट्रीज में आसानी से नौकरी लगाने का झांसा दिया, नौकरी लगाने के एवज में 3 लाख रुपए देने पर सहमति बनी, जिसके बाद युवक ने आधी राशि के रूप में 1 लाख 50 हजार रुपए नगद दिए और कुछ दिनों बाद फिर से 50 हजार रुपए नगद दिए, इस तरह कुल 2 लाख रुपए देने के बावजूद भी आज तक न तो उसे कोई नौकरी मिली है और न ही उसके पैसे वापस किए गए हैं। युवक ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि पैसे की मांग करने पर द्वारा छेड़छाड़, बलात्कार में फंसाने की धमकी दी जाती है, जिससे वह मानसिक रूप से बहुत आहत है। युवक के इस आवेदन पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से कार्रवाई हेतु अग्रेषित करने का उल्लेख अंकित है और 12 नवंबर के इस आवेदन के अगले ही दिन 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर परामर्शदात्री सदस्य के पद से हटा दिया गया है ।

दो स्कूटी की आमने-सामने टक्कर, हादसे में महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दो स्कूटी में आपस में टक्कर हो गई। घटना में एक महिला की मौत हो गई। घटना पामगढ़ के सिंचाई कालोनी की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 13 नवंबर को पामगढ़ की सिंचाई कॉलोनी के पास दो स्कूटियों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला सोनमती की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम सल्ली निवासी महिला सोनमती किसी काम से शिवरीनारायण जा रही थीं। इसी दौरान जब वह पामगढ़ की सिंचाई कॉलोनी के पास पहुंचीं, तभी सामने से आ रही एक स्कूटी ने लापरवाहीपूर्वक उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है।

लकड़ी के फट्टे से सिर पर वारकर की थी हत्या

मामूली विवाद पर कर दी हत्या आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कैसियो बाजा को छूने के विवाद पर लकड़ी फट्टा से मार कर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त फैसला प्रथम अपर सेक्शन न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया है।

मिली जानकारी के अनुसार 22 मई को रमेश कुमार सूर्यवंशी निवासी ग्राम कमरीद अपने घर के सामने कैसियो बाजा बजा रहा था। उसी समय मनहरण धिरही के छोटे भाई दीपक धिरही के बच्चे लोग रमेश कुमार सूर्यवंशी के



कैसियो बाजा को छूकर देखने लगे, जिससे नाराज होकर रमेश कुमार सूर्यवंशी ने बच्चों को डाट फटकार कर थप्पड मारकर भगा दिया। इसी बात पर मनहरण चिरही, रमेश को उसके घर के सामने जाकर बच्चों को मारने को लेकर वाद विवाद हो गया। शाम 6.30 बजे रमेश सूर्यवंशी अपने हाथ में रखे लकड़ी का फट्टा को लेकर आया और मनहरण धिरही की हत्या करने की नियत से लकड़ी के फट्टा से उसके सिर के पीछे मारा, जिससे मनहरण बिरही के सिर में गंभीर चोट लगने पर वह जमीन में गिर गया और लकड़ा का फट्टा दो टुकड़ा हो गया। मनहरण चिरही के गिरने के बाद अभियुक्त रमेश सूर्यवंशी ने उसके छाती को पैर से मारा और लकड़ी के फट्टा को वहीं फेंककर वहां से भाग गया। इस घटना में मनहरण की मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। संपूर्ण साक्ष्य उपरांत इस मामले में प्रथम अपर सेक्शन न्यायाधीश ने अभियुक्त रमेश कुमार सूर्यवंशी उम्र 36 वर्ष को आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले की पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

शिवरीनारायण में धान खरीदी केंद्र यथावत रखने की मांग, सीएमओ दफ्तर पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने से पहले ही शिवरीनारायण में खरीदी केंद्र को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है, वर्षों से

- तुस्मा में 7 एकड़ शासकीय भूमि सुरक्षित रखने की प्रक्रिया सामने आने के बाद बढ़ी नाराजगी

शिवरीनारायण में संचालित धान खरीदी केंद्र को तुस्मा में स्थानांतरित किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है और किसानों ने पुरानी व्यवस्था को यथावत रखने की मांग करते हुए शासन-प्रशासन के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन प्रस्तुत किया है।



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते किसान।

आगामी 15 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने जा रही है और शिवरीनारायण में पिछले 30 वर्षों से भी अधिक समय से धान खरीदी होती आ रही है। इस मामले में तहसीलदार कार्यालय शिवरीनारायण द्वारा जारी 8 सितंबर 2025 के एक शासकीय पत्र से प्रशासनिक प्रक्रिया का भी खुलासा होता है, पत्र के अनुसार ग्राम तुस्मा प.ह.नं. 07 तहसील शिवरीनारायण स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 2334/1 में से 7 एकड़ भूमि को धान खरीदी के लिए सुरक्षित रखने तथा वहां कांटेदार तार से फेंसिंग कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था और इस संबंध में वनमंडलाधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नगर तथा ग्राम निवेश, लोक निर्माण विभाग, सीएसपीडीसीएल सहित विभिन्न विभागों से अनापत्ति एवं अभिमत मांगा गया था, पत्र में संबंधित विभागों को सात दिवस के भीतर अपना अभिमत तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा गया था। हालांकि तहसीलदार कार्यालय का यह पत्र भूमि को धान खरीदी के लिए सुरक्षित रखने की प्रक्रिया और विभिन्न विभागों से अनापत्ति मांगने से संबंधित है, इसे धान खरीदी केंद्र स्थानांतरित करने का अंतिम आदेश नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद तुस्मा में भूमि संबंधी प्रक्रिया सामने आने के बाद किसानों के बीच केंद्र स्थानांतरण की आशंका और नाराजगी बढ़ गई है।

हर पल बनी रहती है दुर्घटना की आशंका, धूल से लोग परेशान

पीएमजीएसवाय की सड़क पर भारी वाहनों की हो रही आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पीएमजीएसवाय की सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। इसके अलावा वाहनों के आने जाने के कारण सड़क पर दिन रात धूल का गुबार उडते रहता है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय सक्ती से सिंघनसरा तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। जून 2023 में इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों में पांच साल का गारंटी पीरियड



वाहन गुजरने से छा जाता है धूल का गुबार।

निर्धारित होता है, जिसके दौरान ठेकेदार को सड़क के साथ-साथ शोल्डर और अन्य आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य करना होता है, लेकिन इस सड़क की मौजूदा स्थिति देखकर रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन लगातार बढ़ गया है। सक्ती रेलवे स्टेशन स्थित रैक पॉइंट तक गिट्टी और चावल लेकर जाने वाले बड़े-बड़े ट्रक इसी संकरी सड़क से गुजर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक साथ 15 से 20 चावल लदे ट्रकों की आवाजाही होने से सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है। लगभग 3 मीटर चौड़ी इस सड़क पर भारी वाहनों के गुजरने के दौरान दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क से गुजरने वाले ट्रकों के कारण उड़ने वाली धूल ने आसपास रहने वाले ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ा दी है। धूल के साथ-साथ सड़क की हालत भी लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मरम्मत और रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां तक की ग्राम पंचायत नवापारा कला के संतोष कुमार यादव पंच वार्ड नंबर 10 एवं ग्रामीणों ने नवापारा कला तथा सिंघनसरा मार्ग के सड़क को लेकर 1 महीने पहले ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद आज तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिला मुख्यालय के नजदीक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क का यह हाल है, तो दूरदराज के गांवों में सड़कों के रखरखाव की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि पीएमजीएसवाय की सड़कों पर भारी वाहनों पर रोक लगाने चाहिए।

आबकारी विभाग ने 9 लीटर महुआ शराब किया जब्त, एक को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आबकारी विभाग ने दबिश देकर एक आरोपी के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम खुसरूडेरा का है।

इस संबंध में आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खुसरुडेरा थाना सक्ती निवासी नरेश कुमार कंवर, पिता मंगल सिंह, उम्र 44 वर्ष द्वारा अपने घर से शराब बेचने की शिकायत पर पहले छद्म खरीददार से महुआ शराब की खरीदारी करवाई गई। खरीदारी पर शराब बिक्री की पुष्टि होने पर वार्ड नं. 8 खुसरुडेरा, थाना सक्ती में नरेश कुमार कंवर के द्वारा अपने रहवासी मकान के बेडरूम में छिपाकर रखा 1 नग पीले रंग की प्लास्टिक जरिकेन में भरा 5 लीटर और 2 पारदर्शी प्लास्टिक बोतल प्रत्येक में 2 लीटर कुल 9 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। 9 लीटर महुआ मदिरा बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल के नेतृत्व में मोंगरा पटेल परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षक आबकारी रघुनाथ पैंकरा, आबकारी आरक्षक नवीन मनहर, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, भीम साहू, आबकारी स्टाफ परसराम और बसंती चौधरी का योगदान रहा।

खबर संक्षेप

जिले में 1211 मतदान केंद्र और 8 लाख 27 हजार 41 मतदाता

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसके तहत मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक किया गया। निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर को किया गया है। इस अवधि में 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 1 जनवरी 2027 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से भी निर्धारित प्रारूप में अग्रिम आवेदन प्राप्त कर पंजीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

रामपुर में जनआरोग्य समिति के सदस्यों का हुआ प्रशिक्षण



करतला। करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर के पंचायत भवन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेहरचुवां एवं नोनदरहा के जन आरोग्य समिति सदस्यों का एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जन आरोग्य समिति के सदस्यों को स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन, निगरानी एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान समिति सदस्यों को उनकी भूमिका, जिम्मेदारियों, समिति की संरचना, कार्यप्रणाली, नियमित बैठकों के आयोजन एवं प्रक्रिया तथा अनटाइड फंड (अप्रतिबंधित निधि) के पारदर्शी एवं उचित उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में समिति की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला गया। ब्लॉक समन्वयक मनहरण पटेल ने प्रशिक्षण मार्गदर्शिका के आधार पर समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) एवं केस स्टडी के माध्यम से विभिन्न विषयों को सरल और व्यवहारिक ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी किस प्रकार की जाए, समुदाय की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कैसे की जाए तथा जनसंवाद एवं आरोग्य सभा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता कैसे सुनिश्चित की जाए।

गरम नाश्ते ने मजबूत की आदिवासी बच्चों की स्कूल से दोस्ती



कोरबा। जनजातीय गौरव दिवस जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और योगदान के सम्मान का अवसर है। कोरबा जिले में इस गौरव के साथ एक और महत्वपूर्ण प्रयास जुड़ा है। वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना। प्रदेश का पहला जिला जहां जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के माध्यम से शासकीय विद्यालयों में दिया जा रहा गरम पौष्टिक नाश्ता, बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मददगार बन रहा है। कोरबा की पहचान एक आदिवासी जिले के रूप में है। अनुसूचित क्षेत्र होने के साथ ही यहां के शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति परिवारों से आते हैं। जिले की 1,740 प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में लगभग 1 लाख 6 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें करीब 73 से 75 प्रतिशत बच्चे अनुसूचित जनजाति परिवारों से हैं। इनमें से अनेक बच्चे गरीब परिवारों के हैं और वनांचल एवं दूरस्थ बसाहटों में रहते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ के माध्यम से कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को स्कूल खुलने के साथ गरम नाश्ता दिया जा रहा है।

आयुक्त ने जोन कमिश्नरों अधिकारियों की ली बैठक

कोरबा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अभियंताओं व अधिकारियों को कहा कि विकास व निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति में देरी कतई स्वीकार्य नहीं की जायेगी, अतः निगम द्वारा कराये जा रहे विकास व निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति में अपेक्षित तेजी लायें तथा निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होने कहा कि विकास कार्य समयसीमा के अंदर पूर्ण किया जाना भी सुनिश्चित करायें, साथ ही स्वीकृत कार्यों की निविदा आदि की प्रक्रिया नियमानुसार समय पर पूर्ण करते हुये निर्माण कार्यों को प्रारंभ करायें। उन्होने निर्धारित मानक के अनुरूप नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा सड़क रोशनी व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश भीं अधिकारियों के दिये।

कायस्थ समाज कोरबा ने धूमधाम से मनाया चित्रगुप्त पूजन समारोह

आज के समय में सामाजिक एकता बेहद जरूरी



मंचस्थ अतिथिगण।



कार्यक्रम में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कायस्थ समाज कोरबा द्वारा कायस्थों के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त पूजन समारोह का आयोजन बुधवार को धूमधाम के साथ किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने समाजिक एकता पर बल दिया।

कृष्णा नगर कोरबा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में आयोजित समारोह का शुभारम्भ भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया तात्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में कायस्थ परिवार के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे समाज के वरिष्ठ सदस्य एंव पूर्व पदाधिकारी गण चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, एस एल माथुर, एम के सिन्हा, एस के निगम, डी के कुदेसिया, डॉ. डी के श्रीवास्तव, मुकेश वर्मा, प्रदेश महासचिव राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, जिला अध्यक्ष मिथलेश वर्मा ,महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वर्तमान समय सामाजिक एकता की आवश्यकता और महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के लोगों का एकजुट रहना आज के समय में सबसे जरूरी है। आज जब अन्य समाज अपने अधिकारों के लिए संगठित हो रहे है तब ऐसे समय कायस्थजनों का भी संगठित रहना बेहद जरूरी है। अथितियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कायस्थ समाज की वर्तमान कार्यसमिति को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव राजेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष भारत प्रसाद का समाज की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।

समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का किया गया सम्मान

समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।साथ ही बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले बच्चो का भी सम्मान किया गया।

खेल के क्षेत्र में भी समाज का नाम रोशन काने वाले सदस्य श्रीमती पूजा अंकित वर्मा (किक बक्सिंग) एवं पार्थ श्रीवास्तव (तैराकी) को स्मृति चिन्ह भेट कर सामानित किया गया।

जीपीएम जिले से लौटा हाथियों का झुंड, वन विभाग जुटा निगरानी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग एक पखवाड़े अंतराल के बाद गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की सीमा से हाथियों का एक बड़ा दल वापस कोरबा जिले में प्रवेश कर गया है। हाथियों की वापसी से पसान और आसपास के सीमावर्ती गांवों में ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। वन विभाग के अनुसार हाथियों का दल कुम्हारीसानी क्षेत्र से होते हुए कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 163 में विचरण कर रहा है। इस क्षेत्र में परसा, पनिहा और बनखेत्ता गांव के आसपास के जंगल शामिल हैं।

खास बात

- पसान रेंज के परसा, पनिहा और बनखेता गांव में के आसपास के जंगल में हाथी डाले हुए हैं डेरा

इधर, बीते 9 नवंबर की रात सूरजपुर जिले की ओर से 12 हाथियों का एक अन्य दल केंदई वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर गया है। वहीं एक दंतैल हाथी चोटिया के जंगल में विचरण कर रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। वन अमला लगातार हाथियों की गतिविधियों और उनकी दिशा पर नजर रख रहा है, ताकि ग्रामीणों को समय रहते सतर्क किया जा सके। हाथियों की आवाजाही को देखते हुए वन विभाग ने प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के लिए अलर्ट जारी करते हुए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण लकड़ी, महुआ और अन्य वनोपज एकत्र करने के लिए जंगल न जाएं। जंगल से लगे रास्तों और पगडंडियों पर अकेले आवागमन करने से बचें। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से सुरक्षित रखने तथा रात के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने हाथियों के नजदीक जाकर फोटो और वीडियो बनाने से भी मना किया है। हाथियों को पत्थर मारने, पटाखे फोडने या शोर मचाकर भगाने का प्रयास न करने की हिदायत दी गई है। ग्रामीणों से अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और रात में बाहर निकलने की स्थिति में टॉर्च का उपयोग करने को कहा गया है।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन



धरना प्रदर्शन करते छात्रावास अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर गुरुवार को जिले के समस्त नियमित एवं प्रभारी छात्रावास अधीक्षकों द्वारा अपनी लंबे समय से लंबित पांच सूत्रीय मांगों एवं छात्रावास-आश्रमों के संचालन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के निराकरण हेतु एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल आयोजित की गई। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अधीक्षकों के दैनिक कार्य के घंटे निर्धारित किए जाएं तथा साप्ताहिक व सार्वजनिक अवकाश का स्पष्ट प्रावधान हो। 24×7 शारीरिक उपस्थिति की अनिवार्यता के स्थान पर व्यावहारिक ड्यूटी और निर्धारित समय के बाद 'ऑन-कॉल' व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही महिला अधीक्षिकाओं के परिजनों के निवास संबंधी नियम स्पष्ट किए जाएं, कैडर पुनर्गठन करते हुए मंडल संयोजक, क्षेत्र संयोजक और सहायक सांख्यिकी अधिकारी जैसे पदों पर पदोन्नति व विभागीय परीक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर दिए जाएं, शिक्षक संवर्ग के प्रभारी अधीक्षकों को वीएसके ऐप से छूट प्राप्त हो, प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड में हो रही व्यावहारिक दिक्कतों का निदान हो तथा मेस राशि में कटौती न किया जाए, छात्रावास के साल भर संचालन हेतु शिष्यवृत्ति के अलावा पृथक बजट प्राप्त हो की मांग शामिल है। संघ ने स्पष्ट किया है कि ये मांगें केवल कर्मचारियों की सुविधा ही नहीं, बल्कि छात्रावासों की व्यवस्था सुधारने और विद्यार्थियों की सुरक्षा व गुणवत्तापूर्ण देखभाल से सीधे जुड़ी हैं। यदि इस सांकेतिक हड़ताल के बाद भी शासन द्वारा मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है, तो प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार प्रदेश भर के अधीक्षक आगामी चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बहाल करने बैलेट पेपर से हो चुनाव : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा द्वारा चुनावों में अनुचित तौर-तरीके अपनाए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। देश में लोकतंत्र की मजबूती और चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बहाल करने के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराए जाने की आवश्यकता है। सभी जिम्मेदार कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वास्तविक एवं पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। प्रत्येक वार्ड, मोहल्ले एवं बूथ स्तर पर इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना चाहिए।

उक्त बातें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के द्वितीय चरण के तहत वार्ड क्रमांक 22, कांशीनगर स्थित सामुदायिक पंडाल के समीप आयोजित जनचौपाल के दौरान कही। जन चौपाल में इस अभियान के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक नवज्योत पटनायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान श्री अग्रवाल ने बिहार के शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी पूर्व एवं मधुबनी पश्चिम जिलों में वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत आयोजित बैठकों एवं अपने सांगठनिक अनुभवों को साझा किया। बैठक में चारों ब्लॉकों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न प्रकोष्ठों एवं संगठनों के पदाधिकारियों, वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अभियान के उद्देश्यों एवं पार्टी के दिशा-निर्देशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जन चौपाल को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सजगता के साथ मतदाता सूची का सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न रह जाए।

खास बात

- वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को मिला व्यापक जनसमर्थन



कार्यक्रम में शामिल पूर्व मंत्री व अन्य।

मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक नवज्योत पटनायक ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो कांग्रेस कार्यकर्ता उसकी पहचान कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग करें, ताकि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके।

उत्सव और उत्साह के साथ जिले में 15 नवंबर से शुरु होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर व अन्य।

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में जिले के नोडल अधिकारियों के साथ खाद्य, कृषि, सहकारिता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और मार्कफेड के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की नीति के अनुरूप पूरी पारदर्शिता से की जाए। किसानों को धान विक्रय के लिए किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए। पंजीयन से छूटे किसानों की समस्या भी सुनी जाए और उनके प्रकरण वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाए जाएँ।

कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी 15 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक की जाएगी। समयबद्ध खरीदी और भुगतान सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष अवधि में बदलाव किया गया है। टोकन की प्रक्रिया 10 नवंबर से प्रारंभ हो चुकी है और 15 जनवरी तक किसानों की सुविधा के लिए 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध रहेगी। जिले में कुल 53,475 पंजीकृत किसान हैं। उन्होंने इस वर्ष शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल से कम धान बेचने पर भी उन्हें बेचे गए धान के अंतर की राशि उनके खाते में धान उपार्जन की राशि के साथ हस्तांतरित की जाएगी। धान की आवक सामान्यतः सुबह से शुरू हो जाती है। इसे देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी नोडल अधिकारियों को सुबह 8.30 बजे तक अपने-अपने उपार्जन केंद्रों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। समिति प्रबंधक, उपार्जन केंद्र प्रभारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर और नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि सभी आपस में समन्वय बनाकर काम करें। खरीदी शुरू होने से कम से कम दो दिन पहले केंद्रों की सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली जाएँ। नोडल अधिकारियों को चेकलिस्ट के अनुसार अपने केंद्रों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। केंद्रों में साफ-सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट, यूपीएस और जनरेटर की उपलब्धता तथा कार्यशील स्थिति जाँची जाएगी। इस वर्ष जिले में शुरू किए गए आठ नए धान खरीदी केंद्रों का विशेष रूप से निरीक्षण करने को कहा गया। इन केंद्रों में कंप्यूटर सेट उपलब्ध होने के साथ खरीदी से जुड़ी सभी डिजिटल व्यवस्थाएँ चालू हालत में रहनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि केंद्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी जाँची जाए। जहाँ कैमरे या अन्य व्यवस्था पूरी नहीं हुई है, वहाँ वास्तविक स्थिति रिपोर्ट में दर्ज कर तत्काल अवगत कराया जाए।

प्रशिक्षण संचालन के लिए संस्थाओं से आज तक लिए जाएंगे आवेदन

जांजगीर-चांपा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी जांजगीर-चांपा में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए चैनल पार्टनर के चयन हेतु इच्छुक संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज ने बताया कि तिथि एवं समय तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

मरघट में मिला युवक का शव, फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम जुटी जांच में, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरुडीह के मरघट के पास एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शव को देखते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस की टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स का दल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर साक्ष्य जुटाए।

पुलिस की शुरुआती जांच के दौरान मृतक युवक की जेब से कुछ जहरीला पदार्थ बरामद हुआ है। इससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि युवक ने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या की होगी। हालांकि, युवक की मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। उसकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आसपास के पड़ोसी जिलों के थानों में उसकी तस्वीरें भेजकर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

फिलहाल पुलिस मामले की हर संभव एंगल से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने और विस्तृत जांच के बाद ही यह पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई थी। पुलिस ने मृत युवक के शव को मेडिकल कॉलेज में सुरक्षित रखवा दिया है। दो दिनों के बाद उसकी पहचान नहीं हुई तो पुलिस द्वारा उसका अंतिम संस्कार किया किया जाएगा।



न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
//सूचना//
क्र.111/तह./वा-1/2026
जांजगीर, दिनांक 12.11.2026

प्रति,
1. गौरी बाई पति स्व. अर्जुन राठौर 2. अमित राठौर वल्द स्व. अर्जुन राठौर 3. अतुल राठौर वल्द स्व. अर्जुन राठौर निवासी वार्ड नंबर 11 तलवापारा जांजगीर, तहसील जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर सिंह राठौर पिता स्व. ज्वाला प्रसाद राठौर एवं 04 अन्य निवासी सड़कपारा पुरानी बस्ती जांजगीर तहसील जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा प.ह.न. 05 ग्राम जांजगीर स्थित भूमि खसरा नंबर 489 एवं 13 अन्य कुल रकबा 4.111 हे. भूमि क धारा 178 अनुसार खाता विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आप उक्त के संबंध में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30.11.2026 तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होवें।

आज दिनांक 10.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
जांजगीर

न्यायालय तहसीलदार नया बाराद्वार, जिला - सक्ती (छ.ग.)
उपस्थिति सूचना पेपर प्रकाशन
रा.प्र.क्र. 202401311100019/अ-27/2023-24
ग्राम-लवसरा प.ह.नं.-15
तहसील - नया बाराद्वार

प्रति,
सूरज कुमार पिता शांतिलाल उम्र 22 वर्ष जाति सतनामी ग्राम जाजंग तहसील व जिला सक्ती (छ.ग)

एतद् द्वारा आप लोगो को सूचित किया जाता है कि आवेदक घुटकराम पिता करिया जाति सतनामी निवासी ग्राम-लवसरा तहसील-नया बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम लवसरा में स्थित भूमि ख.नं. क्रमशः 1011, 1197, 1266, 1275, 1277, 1293, 1301/1, 1484, 1552 रकबा क्रमशः 0.0650, 0.1090, 0.2020, 0.0610, 0.0970, 0.0810, 0.2870, 0.1580, 0.1130, हे. कुल ख.न. 09 कुल रकबा 1.1730हे. भूमि का खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि मेरे न्यायालय में सुनवाई दिनांक 20/11/2026 को नियत है।

अतएव आप निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगे।

आज दिनांक 06/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील-मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
नया बाराद्वार
जिला सक्ती (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार चंद्रपुर
मामले की श्रेणीः राजस्व
संदर्भः जिला-सक्ती तहसील-चंद्रपुर प.ह.न.-00009 हीरापुर 117 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202627690811700001

ईश्तहार

तहसील चंद्रपुर के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम हीरापुर 117 के वर्तमान भूमिस्वामी गिरजाबाई प्रियाबाई पियाबाई प्यारीबाई पिता/पति-पिलीबाई मीनाबाई पुपतिराम पता-सा. बरहागुडा, घसनीन बपतिराम पिता/पति- पता-सा. बरहागुडा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 124 (0.1420), 132/1(1.0560), 139 (0.0970) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सूरज कुमार उरांव पिता/पति-बाबूलाल उरांव पता-सा ननसिया ब्रिजेश कुमार उरांव पिता/पति-बाबूलाल उरांव पता-सा ननसिया, दीपक कुमार उरांव पिता/पति-बाबूलाल उरांव पता-सा ननसिया के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/11/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार चंद्रपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपमा दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार SANJAY MINJ
न्यायालय उप तहसीलदार चंद्रपुर



काली खेती का डरावना ट्रेलर रिलीज जैकी-शरद की दमदार एक्टिंग

नई दिल्ली। जब खेती जाग उठेगी, तब क्या होगा? फिल्म 'काली खेती' का डर अब खेतों से निकलकर असल जिंदगी तक पहुंच गया है। फिल्म का रोमांचक ट्रेलर दर्शकों को आने वाले खौफ की एक झलक दिखाता है। जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म का ट्रेलर एक ऐसी डरावनी दुनिया की झलक पेश करता है, जहां खेती अब केवल फसल उगाने की जगह नहीं रह गई है, बल्कि एक बेहद खौफनाक जगह बन चुकी है। फिल्म की डरावनी पृष्ठभूमि में हर तरफ रहस्य और भय का माहौल नजर आता है, जहां हर राज अपने साथ डर लेकर आता है। यह डरावनी फिल्मों में आमतौर पर दिखाई जाने वाली कहानियों से आगे बढ़ता है।

लाइफ Style



समरीन

क्रिकेटर अर्शदीप से हुई सगाई

पंजाबी अभिनेत्री समरीन कौर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट से अपने फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने बताया है कि क्रिकेटर से उनकी सगाई हो गई है। तस्वीरों से साथ अभिनेत्री ने एक प्यारी पोस्ट लिखी है।

नई दिल्ली। अभिनेत्री ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह अपनी सगाई की अंगूठी दिखा रही हैं। वह अर्शदीप के साथ गले मिल रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी हमें जो कुछ भी दे सकती थी, उनमें से सबसे अच्छी बात यह है कि जीवन भर साथ रहने के लिए उसने हमें एक-दूसरे से मिलाया।' अर्शदीप और समरीन पिछले कुछ समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। अब इन दोनों ने जीवनभर साथ रहने का फैसला किया है और सगाई कर ली है। समरीन कौर सिनेमा जगत की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। वह धीरे-धीरे अपनी पहचान बना रही हैं। वह कई पंजाबी म्यूजिक वीडियोज और फिल्म प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। खासतौर पर यंग ऑडियंस के बीच काफी पॉपुलर हो रही हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। यहां वह अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलक फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। समरीन कौर का जन्म 1999 में जम्मू-कश्मीर में हुआ था। उनकी मां प्रोफेसर हैं और पिता भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं, इसलिए बचपन से ही उनके जीवन में अनुशासन और पढ़ाई अहम हिस्सा रहे। समरीन ने पुणे के सिम्बायोसिस से बी.कॉम (ऑनर्स) किया और बाद में चंडीगढ़ से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। साल 2018 में अभिनेत्री की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। वह फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में स्टेट फाइनलिस्ट बनीं।

हॉलीवुड मसाला



रसेल को 10.5 साल की सजा

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश एक्टर-कॉमेडियन रसेल ब्रांड से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। रसेल एक महिला के साथ रेप और तीन अन्य महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाए गए हैं। लंदन की एक अदालत ने उन्हें सोमवार को सजा सुनाई है। उन्हें 10.5 साल की जेल हुई है। जिस मामले मे उन्हें सजा हुई, वो 20 साल पुराना मामला है। जज जोएल बेनाथन ने रसेल ब्रांड से कहा कि उन्होंने महिलाओं के प्रति 'लापरवाह और अहंकारी रवैया' दिखाया।



डीसी स्टूडियोज के सीईओ और चेयरपर्सन ने दिया इस्तीफा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर डीसी स्टूडियोज में बड़ा बदलाव हुआ है। जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने स्टूडियो के चेयरपर्सन और सीईओ का पद छोड़ दिया है। उनकी जगह मार्वल स्टूडियोज के पुराने साथी लेगें। मार्वल स्टूडियो के जेरेमी लेचम को नई जिम्मेदारी मिली है। बीते दिनों डीसी स्टूडियोज से रिजाइन करने के बाद जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने वैरायटी को बयान दिया। उन्होंने कहा, 'चार साल पहले, हमने डीसी को एक क्रिएटिव सोच के तहत एकजुट करने का बीड़ा उठाया था. उस समय हमने 'सुपरमैन' को डीसी के दिल में वापस लाने में मदद की। इसके साथ ही 'पीसमेकर', 'क्रीचर कमांडोज', 'लैंटर्न्स' और 'क्लेफेस' के जरिए फिल्मों और टेलीविजन में नए दरवाजे खोले और नई कहानियां दर्शकों तक पहुंचाईं। हमें उस पूरी टीम पर बेहद गर्व है, जिसने हमारे इस लक्ष्य को हकीकत में बदला। इसमें वो सभी कलाकार, क्रू मेंबर्स और अधिकारी शामिल हैं, जिनके साथ हमें काम करने का मौका मिला।



मातृभूमि के साथ आएगी इम्तियाज की 'ओ साथी रे'

मुंबई। सलमान खान की 'मातृभूमि' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' 4 दिसंबर को रिलीज होगी, जिनका बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। अब इसी वक्त इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी आ रही है। 2026 के आखिरी महीने यानी दिसंबर में कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। जिनका फिलहाल इंतजार हो रहा है। यूं तो दिसंबर सलमान खान और शाहरुख खान के फैन्स के लिए बेहद खास है। जी हां, 4 दिसंबर को सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' आ रही है। वहीं, उस फिल्म का श्रद्धा कपूर की 'ईठा' से क्लैश होगा। साथ ही अब इस डेट पर इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी शेड्यूल हो गई है। पर यहां जो पेंच है, वो यह है कि फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। दरअसल, यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज है, जिसे इम्तियाज अली ने बनाया और लिखा है। और वही इसके शो रनर भी हैं।



एक्टिंग छोड़ हर चीज में टांग अड़ा रहे एक्टर्स

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता करण जौहर ने बॉलीवुड में बढ़ती 'भेड़चाल' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि अभिनेता अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, फिल्म निर्माण के हर पहलू में शामिल होने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं। एक इंटरव्यू में, उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे कई एक्टर्स मिले हैं जो कास्टिंग, बजट और प्रचार अभियानों में भी अपनी राय देना चाहते हैं। वे अपने निभाए जा रहे किरदारों के बजाय बॉक्स-ऑफिस के ट्रेंड्स को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे फिल्म इंडस्ट्री के काम करने के तरीके को लेकर चिंतित हैं, तो करण ने कहा कि उन्हें कलाकारों के बीच 'भेड़चाल' (सबकी देखा-देखी चलने की प्रवृत्ति) को लेकर ज्यादा चिंता है। उन्होंने कहा कि कई कलाकार अब अपनी अंतरात्मा की नहीं सुनते, जैसा कि वे पहले किया करते थे।

टीवी मसाला



कृष्णा के आशियाने को देखती रह गईं अर्चना

नई दिल्ली। टीवी और कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कृष्णा अभिषेक अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। पर्दे पर उनका अंदाज जितना मस्तीभरा और रंगीन है, उनके घर की झलक भी कुछ वैसी ही नजर आती है। हाल ही में अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी अर्चना पूरन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर कृष्णा अभिषेक के घर का पूरा टूर कराया। सामने आए इस वीडियो में कृष्णा की पत्नी और अभिनेत्री कश्मीरा शाह के साथ उनके परिवार की निजी दुनिया देखने को मिली। घर की सजावट देखकर साफ पता चलता है कि इस कपल ने इसे किसी दिखावे के बजाय अपनी पसंद, आराम और परिवार की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया है। आमतौर पर बॉलीवुड और टीवी सितारों के घरों में सफेद रंग, महंगे फर्नीचर और बेहद सलीके से सजाए गए इंटीरियर देखने को मिलते हैं, लेकिन कृष्णा का घर इससे काफी अलग है।

बेटी का नाम घसीटने पर नाराज हुए जय

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, ये गेम और भी पेचीदा होता जा रहा है। कई कंटेस्टेंट के बीच जहां जबरदस्त झगड़ा देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ काफी लोग ऐसे हैं, जिनके निशाने पर माही विज हैं। बीते दिनों हुए नॉमिनेशन और कैप्टेन्सी दोनों ही टास्क में माही विज कई घरवालों के निशाने पर आईं। यहां तक कि जिस तरह से कैप्टेनसी टास्क में माही विज की 7 साल की बेटी तारा भानुशाली का नाम घसीटा गया, उसे लेकर अब एक्ट्रेस के एक्स हसबैंड जय भानुशाली का गुस्सा फूटा है और उन्होंने एक बड़ी कसम ले ली है। माही विज जो रोबोट बनकर चेयर पर बैठी थीं, उन्हें कैप्टेन्सी टास्क में कुर्सी से उठाने के लिए जिस तरह से यंग डीएसए, उदिति सिंह और कनिका मान ने बेटी का नाम लेकर बुली किया, उसको लेकर जय भानुशाली ने नाराजगी व्यक्त की है।

ग्लोबल म्यूजिक स्टेज पर फिर छाएंगे दिलजीत, मैडोना संग करेंगे परफॉर्म

मुंबई। पंजाबी म्यूजिक का जलवा अब दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ एक बार फिर अपने म्यूजिक से इंटरनेशनल स्टेज पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दिलजीत दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल 2027 में परफॉर्म करते नजर आएंगे। फेस्टिवल के आयोजकों ने अगले साल होने वाले इस इवेंट की कलाकारों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दिलजीत के साथ दुआ लीपा, टेम इम्पाला और एसजेडए जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा पॉप म्यूजिक की दिग्गज सिंगर मैडोना, जेआईएसओओ, फोएबे ब्रिजर्स



और रोबिन भी इस फेस्टिवल का हिस्सा होंगी। कोचेला 2027 का आयोजन कैलिफोर्निया के इंडियो स्थित एम्पायर पोलो क्लब में होगा। यह फेस्टिवल दो वीकेंड में आयोजित किया जाएगा। पहला वीकेंड 9 से 11 अप्रैल और दूसरा वीकेंड 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। इस बार शुक्रवार को दुआ लीपा, शनिवार को टेम इम्पाला और रविवार को एसजेडए हेडलाइनर के तौर पर परफॉर्म करेंगे।

ये प्रेम मोल लिया का 'बुलाए छठी मां' गाना रिलीज

नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्मों में भी छठ पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले फिल्म 'द वन' और अब फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में छठी मां की पूजा का महत्व दिखाया जाएगा। वहीं, मेकर्स ने छठ पूजा के पहले आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना रिलीज किया गया, जिसका नाम है 'बुलाए छठी मां'। गाने में आयुष्मान और शरवरी अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा करते दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के जरिए कई सालों बाद सूरज बड़जात्या ने हिमेश रेशमिया के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म 'ये प्रेम मोल



लिया' का निर्देशन सूरज आर. बड़जात्या ने किया है और इसे राजश्री प्रोडक्शंस ने महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसे राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स द्वारा एक बड़े पर्दे की फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश किया जा रहा है।

आस्था के साथ लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा है छठ महापर्व

उदित, सोनू समेत इन बॉलीवुड सिंगर्स ने गाए छठी मैया के गीत

नई दिल्ली। छठ महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। देशभर में इस लोक त्योहार को हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। आस्था के साथ ये लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा महापर्व है। इस त्योहार पर गीतों का अहम योगदान रहा है। शारदा सिन्हा की आवाज में गाए उनके छठ गीत आंखों में आंसू ले आते हैं। लेकिन, बॉलीवुड के भी ऐसे कई बड़े सिंगर्स हैं जिन्होंने छठी मैया के लिए गीत गाए हैं। इन सिंगर्स के गाए इन गीतों ने न सिर्फ ऑडियंस को प्रभावित किया, बल्कि इन गीतों ने उन्हें रुला दिया।



उषा

लता मंगेशकर की बहन उषा मंगेशकर ने साल 1961 में आई में आई फिल्म भैया में छठी मैया के लिए पहली गीत "सुपवे नरियरवे' गाया था। ये वो पहला छठ गीत ता जिसे फिल्माया गया था। फिल्म का ये गीत मगही भाषा में था जो करीब 65 साल बाद भी अपनी अलग छाप छोड़े हुए हैं।



सोनू

हिंदी फिल्मों में कई शानदार गीत देने वाले सिंगर सोनू निगम ने भी छठी मैया के लिए गाना गया हुआ है। सिंगर की आवाज में आपको 'जय छठी मैया' सुनने को मिल जाएगा। उनके साथ ये गीत पवन सिंग ने भी गाया था। सोनू निगम की आवाज में इस गाने को खूब पसंद किया गया।



उदित

उदित नारायण बिहार के रहने वाले हैं। उन्हें छठ महापर्व और इससे जुड़ी भावनाओं की गहरी समझ रखते है। सिंगर ने छठ के महापर्व पर खूबसूरत गाने गाए है जिसके बोल हैं 'बरत छठ कईनी', 'चउमुख दियरि', 'छठी माई नामवा तोहार', 'बहंगी छठी माई के', 'कैसे तू करबू बहिनी छठिया बरतिया' और 'पहिले



अनुराधा

अनुराधा पौडवाल भक्ति गीत गाने के लिए जानी जाती हैं। 90 के दशक में सिंगर में ने टी-सीरीज के लिए कई ऐसे भक्ति गीत गाए जो आज भी मशहूर हैं। उनकी इस लिस्ट में छठ के गाने भी हैं। उनकी मधुर आवाज में छठी मैया के लिए 'उगिहें सूरज देव', 'कांच ही बांस के बहंगिया', 'आदित मनाईला', 'अरघ



पलक

बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल फिल्मों के लिए कई शानदार गाने गाए हैं। लेकिन उनकी आवाज में छठी मैया का गीत 'छठी माई के आस', 'जोड़े जोड़े फलवा', 'के करेली छठ बरतिया', 'चढ़ते कटिकावा हो दीनानाथ' खूब मशहूर हुए।



आशा

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर आशा भोसले ने अपने सिंगिंग करियर में छठी मैया के लिए भी गीत गाए हैं। साल 1979 में आई भोजपुरी फिल्म छठी 'मईया की महिमा' में छठ गाना 'रसिक भ्रमरे' गाया था। ये गाना आज भी पॉपुलर है।



लता

स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने कई भाषाओं में गीत गाए हैं। इनमें कई लोक और भक्ति गीत भी शामिल हैं। सिंगर ने एक गाना गया था जिसका नाम था 'मेरे माथे का सिंदूर अमर रखना मैया'।

खबर संक्षेप

धर्म एवं अध्यात्म नगरी शिवरीनारायण में कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण शुरु



शिवरीनारायण। धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण में शुक्रवार को धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण का शुभारंभ हुआ।कलश यात्रा में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीराम के जयकारों और भक्ति गीतों से नगर का माहौल राममय नजर आया। नवधा रामायण के शुभारंभ के साथ ही आगामी दिनों तक नगर में भक्ति, भजन और रामकथा की रसधारा प्रवाहित होगी। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, सेवा और आदर्श जीवन के संदेशों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

नरेन्द्र मोदी विचार मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष बने राम नरेश

सक्ती। नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए



सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे राम नरेश यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमरनाथ सोनी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में श्री यादव के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। साथ ही यह उम्मीद जताई गई है कि वे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों और जनहितकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। मंच का मुख्य उद्देश्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देना है। इसी कड़ी में श्री राम नरेश यादव से यह अपेक्षा की गई है कि वे प्रधानमंत्री मोदी के विचारों से सहमत और प्रेरित लोगों को नरेन्द्र मोदी विचार मंच से जोड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

हाईवा की चार बैटरियां चोरी करने वाला आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार, भेजा गया जेल

फगुरम। फगुरम चौकी पुलिस ने हाईवा वाहनों से चार बैटरियां चोरी करने वाले आरोपी को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। प्रार्थी शिव प्रसाद चंद्रा निवासी जमगहन एवं रजनीश चंद्रा निवासी धोबनीपाली ने 13 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 नवंबर की दरमियानी रात उनके हाईवा वाहनों से चार बैटरियां चोरी हो गई हैं। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार खुंटे (40 वर्ष), निवासी ओड़ेकेरा, थाना डभरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक्साइड कंपनी की तीन और एमरॉन कंपनी की एक बैटरी, कुल कीमत 32 हजार रुपये तथा घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की लाल रंग की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल जब्त की गई। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनवर अली सहित फगुरम चौकी के पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

निधन

डॉ. लखनलाल देवांगन

चांपा। स्थानीय देवांगन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक पचरी पारा निवासी पूर्व एल्डरमैन डॉ.



लखनलाल देवांगन का शुक्रवार 13 नवंबर को सुबह रायपुर के एक निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। स्व. देवांगन अपने पीछे दो पुत्रों एवं तीन पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं। वे नगर के पूर्व कांग्रेस पार्षद घनश्याम देवांगन के ज्येष्ठ भ्राता थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ही दोपहर 12.30 बजे हसदेव बेरियर के पास पी. आई. एल. बाईपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बन्धुओं सहित सभी वर्गों के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

अमिताभ साहू

हसौद। ग्राम धमनी के प्रतिष्ठित गोटिया परिवार के इकलौते पुत्र अमिताभ (माधव) की 32 वर्ष



के आयु में 6 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। अमिताभ कंप्यूटर साइंस में एम टेक थे। वे आरबीकेएल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अलका साहू एवं कन्हैयालाल वैदिक कॉन्वेंट के प्रिंसिपल हेमंत साहू के पुत्र थे।

मयंक चौबे

पामगढ़। पामगढ़ के प्रतिष्ठित नागरिक शीतल प्रसाद चौबे के तृतीय पुत्र मयंक चौबे का 37 वर्ष



की आयु में 13 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र, पत्नी सहित पिता माता एवं भाई बहनों का परिवार रोता बिलखता छोड़ गए । उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्राम वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

भाजपा ने किया लोकतंत्र बचाओ -अराजकता हटाओ विशाल रैली एवं जनसभा का आयोजन

जनता के विश्वास और जनभागीदारी से ही लोकतंत्र होता है मजबूत : खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती द्वारा शुक्रवार 13 नवंबर को शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ को लेकर रैली एवं जनसभा का आयोजन किया गया, जहां भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिक हजारों की संख्या में आम सभा एवं रैली में शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अग्रसेन चौक पहुंची।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं सक्ती जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद कमलेश जांगड़े, संभाग सहप्रभारी अभिषेक शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल, विधायक सुशांत शुक्ला पूर्व विधायक निर्मल सिंहा, पूर्व सांसद गुहाराम अजगले, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संयोगिता सिंह जूदेव, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी चंद्रा, कोरबा जिला प्रभारी कृष्णकांत चंद्रा, प्रीतम सिंह गबेल मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ का संकल्प लिया गया। मुख्य वक्ता प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री



रैली में शामिल मंत्री खशवंत साहेब के साथ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने, गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा राष्ट्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और जनता का जनमत सर्वोच्च होता है। किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति उसकी नीतियों, विचारों और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता में निहित होती है। जनता के विश्वास और जनभागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। हमें राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मर्यादाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। सांसद कमलेश जांगडे ने बताया कि कैसे कांग्रेस के शासनकाल में लोकतंत्र को कमजोर करने का काम हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने कहा कि मतदाता सूची की घर-घर जाकर जांच करने की भारत निर्वाचन आयोग की संवैधानिक प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य मृत मतदाता, स्थायी रूप से पलायन कर चुके, डुप्लीकेट और अवैध घुसपैठिए मतदाताओं के नाम हटाना है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा जब भी कांग्रेस चुनाव हारती है, तो वह दोष देने के लिए किसी न किसी संस्था या चुनावी प्रक्रिया को निशाना बनाती है। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने से लेकर ईवीएम और एसआईआर पर संदेह तक, कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी नेतराम चंद्रा अन्नपूर्णा राठौर,दीपक अग्रवाल, प्रमोद गबेल, अरुण शर्मा,धनेश्वरी साहू,मोहन कुमारी साहू, कमल पटेल,गगन जयपुरिया, राजा धर्मेन्द्र सिंह, उमा राठौर, कीर्तन चंद्रा, आशा साव, आयुष शर्मा केशव चंद्रा, मनहरण राठौर, भारत यादव युवा मोर्चा अध्यक्षआलोक पटेल,लोकेश साहू, गेंद राम मनहर ,पहलवान दास, अभिषेक शर्मा,दिनेश बरेठ, घनश्याम,जगदीश चन्द्रा ,जिवेंद्र गबेल,सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



पदयात्रा को सफल बनाने भाजपा नगर मंडल ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर-चांपा द्वारा 14 नवंबर को आयोजित होने वाली विशाल पदयात्रा 'अराजकता हटाओ–लोकतंत्र बचाओ' को सफल बनाने के लिए भाजपा नगर मंडल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय जांजगीर में नगर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

- पदयात्रा में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान

बैठक में पदयात्रा की तैयारियों, प्रचार-प्रसार और कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला संगठन सह प्रभारी राजेंद्र वैष्णव ने पदयात्रा की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में शामिल होने तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए जुटने का आह्वान किया। बैठक में पदयात्रा के व्यापक प्रचार-प्रसार, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पदयात्रा में अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विद्या सिदार, जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, नगर मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, नंदनी राजवाड़े, संतोषी दुबे, राकेश रूपवानी, अनिल शर्मा, विवेका गोपाल, शिवचरण सिंह ठाकुर, मनोज अग्रवाल, रेखा गढ़ेवाल, मोहन यादव, पलाश चंदेल, सोनू यादव, आकाश सिंह, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जोगीडिपा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

समीपस्थ ग्राम जोगीडिपा में संगीतमय सार्वजनिक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का भव्य आयोजन 14 नवंबर से 21 नवंबर तक बाजार चौक में किया जा रहा है। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में व्यास पीठ पर बाल विदुषी कथा वाचिका प्रिया किशोरी निशा गोस्वामी अपनी मधुर एवं रमणीय वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगी। कथा का समय प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है।



आयोजन के दौरान प्रतिदिन वेदी पूजन, संगीतमय तुलसी परिक्रमा एवं महाआरती होगी। श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ 14 नवंबर को भव्य कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ होगा। प्रथम दिवस गोकर्ण कथा का वर्णन किया जाएगा। 15 नवंबर को व्यास जन्म, परीक्षित जन्म एवं चौबीस अवतार की कथा सुनाई जाएगी। 16 नवंबर को सृष्टि रचना, कपिल जन्म, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र एवं अजामील कथा का प्रसंग होगा।इसी क्रम में 17 नवंबर को गज ग्राह उद्धार, वामन अवतार, राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा सुनाई जाएगी। 18 नवंबर को पूतना वध, माखन चोरी लीला एवं गोवर्धन पूजा का प्रसंग होगा। 19 नवंबर को गोपी गीत, कंस वध, उद्धव चरित्र एवं रुक्मणी विवाह की कथा होगी। वहीं 20 नवंबर को अनेकों विवाह का वर्णन, चौबीस गुरुओं का वर्णन एवं सुदामा चरित्र के साथ चढ़ोत्तरी का कार्यक्रम संपन्न होगा। यज्ञ के अंतिम दिवस 21 नवंबर को हवन, पूर्णाहुति, वसोधारा, सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोज के पश्चात कथा का विश्राम होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य के रूप में पंडित प्रदीप पुरी गोस्वामी, पंडित प्रेमपुरी गोस्वामी एवं पंडित देवेंद्र पुरी गोस्वामी विराजमान रहेंगे। महोत्सव के मुख्य यजमान संतोषी ललित नायक, अनीता योगेश्वर सिंह ठाकुर, शारदा सुरेंद्र यादव, राही रामलोचन पटेल, दुर्गा भागीरथी पटेल, सुनीता विजय पटेल एवं प्रिया रमेश पटेल हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने अपील की है।

सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ 15 व 16 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार 13 नवंबर को नहाय खाय से हुई। इस वर्ष सूर्य देवता और छठी मैया की आराधना का महापर्व छठ 15 एवं 16 नवंबर को छठ घाट

- नहाय खाय से शुक्रवार को हुई शुरुआत, प्रेस वार्ता में भोजपुरी समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने दी जानकारी

लछनपुर में भोजपुरी समाज की जिला इकाई जांजगीर चाम्पा के तत्वाधान में परंपरानुसार धूमधाम से मनाया जावेगा। पर्व के लिए छठ घाट की साफ सफाई कर इसे सजाया जा रहा हैं।

यह जानकारी शुक्रवार 13 नवंबर को अपरान्ह छठ घाट लछनपुर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान भोजपुरी समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में भोजपुरी समाज की जिला इकाई का गठन उनके नेतृत्व में किये जाने के बाद इस



पत्रवार्ता के दौरान जानकारी देते सत्येंद्र सिंह व अन्य।

वर्ष से चाम्पा सहित अनेक जगहों पर पूर्वांचल के लोगों द्वारा लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ मनाये जाने की शुरुआत हुई। तब से लेकर आज लगातार 17 वर्षों तक मनाया जाने वाला छठ महापर्व अब विशाल रूप लेकर समाज के हर वर्ग द्वारा मनाया जाने लगा हैं। आज यह महापर्व 18 वर्ष में प्रवेश करने के साथ ही इस वर्ष 15 एवं 16 नवंबर को भोजपुरी समाज की जांजगीर चाम्पा जिला इकाई के तत्वाधान में ग्राम लछनपुर में हसदेव नदी के तट पर स्थित छठ घाट में धूमधाम से परंपरानुसार मनाया जायेगा। चार दिवसीय महापर्व की शुरुआत शुक्रवार 13 नवंबर को नहाय खाय से हुई। इस दिन छठव्रती सुबह नदी जाकर वहीं स्नान के बाद घर आकर पूरी शुद्धता से प्रसाद बनाकर इसे ग्रहण करते हैं। पर्व के दूसरे दिन शनिवार 14 नवंबर को खरना के तहत छठव्रती गुड़ से बनी खीर व रोटी का प्रसाद बनाकर इसे ग्रहण करते हैं और अन्य लोगों में वितरित करते हैं। पर्व के तीसरे दिन 15 नवंबर को सभी छठव्रती दिन भर निर्जला उपवास रखकर सायं अस्ताचलगामी सूर्य को छठ घाट सहित विभिन्न स्थानों पर पहला अर्ध्य देंगे। छठ घाट से लौटते हुए वे घर आकर छठ माता का गीत गाएंगे और जिनकी मन्नत रहती हैं वे कोसी भरेंगे। इस दिन छठ घाट में सायं गंगा मैया की महाआरती का आयोजन किया गया हैं। पर्व के चौथे और अंतिम दिन 16 नवंबर को सुबह छठ घाट में उदित होते सूर्य को अंतिम अर्ध्य देने के बाद सभी छठव्रतियों को प्रसाद वितरण का कार्य पूज्य कापालिक बाबा जी के करकमलों से संपन्न होगा। यहां से सभी छठ व्रती छठी मैया के गीत गाते हुए घर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर व्रत का समापन करेंगे। छठ महापर्व को इस वर्ष भव्य और शानदार रूप में मनाये जाने की जानकारी देते हुए सत्येंद्र सिंह ने बताया कि समाज के लोग विशेषकर बी. के. दास, संतोष सिंह, राजकुमार सरोज एवं सिद्धांत सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा हैं। पत्रवार्ता के दौरान समाज के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, संतोष सिंह, रंजय सिंह, विनोद सिंह, निशांत सिंह, एस. पी. सिंह, डी. एन. सिंह, शिवशंकर झा, हरेंद्र सिंह, राजीव प्रताप सिंह, कैलाश पाण्डेय, बी पी. सिंह आदि समाज के लोग भी मौजूद थे। अंत में सत्येंद्र सिंह ने पूर्वांचल के सभी लोगों से एक साथ सामूहिक रूप से छठ घाट लछनपुर में एकत्रित होकर छठ पूजा का महापर्व मनाने की पुरजोर अपील की हैं।

11 वर्षों से दीपावली पर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रहा आजाद ग्रुप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दीपावली की खुशियां जरूरतमंद बच्चों के साथ साझा करने की परंपरा को कायम रखते हुए आजाद ग्रुप द्वारा इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर 50 से अधिक बच्चों को पटाखे एवं मिठाइयों का वितरण

- 50 से अधिक बच्चों को पटाखे एवं मिठाइयां वितरित कर सदस्यों ने मनाई दीपावली

किया गया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्रुप के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताकर दीपावली की खुशियां साझा कीं।उल्लेखनीय है कि आजाद ग्रुप द्वारा विगत 11 वर्षों से निरंतर दीपावली के अवसर पर यह आयोजन किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य समाज के ऐसे बच्चों तक भी त्योहार की खुशियां



पहुंचाना है, जिन्हें विशेष उपहार और खुशियां मिलने के अवसर कम मिल पाते हैं।आजाद ग्रुप के अंकित सिंह सिसोदिया, अभिषेक सिंह एवं राजकुमार सिंह ने बताया कि दीपावली की वास्तविक सार्थकता दूसरों के जीवन में खुशियां बांटने और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने में है। इसी भावना के साथ ग्रुप द्वारा पिछले 11 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने भविष्य में भी सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।कार्यक्रम में अभिजीत सोनवानी, पृथ्वीराज चौहान, अमित यादव, मयंक अग्रवाल, हर्ष धीवर, यश राज सिंह, प्रणत सिंह सहित आजाद ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दाऊ मुहल्ला में जय मां लक्ष्मी पूजा में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जय मां महालक्ष्मी पूजन समिति दाऊमुहल्ला बिर्रा के तत्वावधान में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयन समिति ने नौ प्रतिभागी को पुरस्कृत किया, जबकि चार प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रथम प्रतिभागी में सुश्री दुर्गा कश्यप सुश्री खुशी कश्यप ने कला नृत्य का सुंदर चित्र यूकेरा को 751रु गिफ्ट से सम्मान किया गया। दूसरे स्थान पर सिम्मी कैवर्त आकांक्षा कैवर्त ख्याति को 551 रु गिफ्ट प्रदान किया गया। तीसरे स्थान पर पुष्पांजलि वर्मा अदिति कश्यप को महिला कुरता पर 401 रु, चतुर्थ नंदनी कश्यप गणेश मूर्ति 251 रु, पंचम ईशा सानिया साहू 231 रू लक्ष्मी मूर्ति, षष्टम ईनाम श्रेया कर्ष 231 रू गिफ्ट विघाभारती,सप्तम ईनाम बिट्टू कश्यप लालू कश्यप डेजर जोन 211 रू, अष्टम हनी कर्ष



कृष्ण मूर्ति 151 रु ,नवम पूर्वी कर्ष जीतू कर्ष 131 रू, सांत्वना पुरस्कार गरिमा कश्यप 131 रू तथा उमा राजेश कश्यप 131 रु को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर माखन कश्यप, शुभम थवाईत, वासु तिवारी, गुलाब तिवारी, निलाबंर सिंह, नरोत्तम साहू ,देवचंद यादव, संतोष साहू, रामकृष्ण कश्यप, खम्हन सिगसर्वा, बजरंग कर्ष, मनसुखु कर्ष, राजकमल कर्ष, क्रांति कश्यप, राजेश कश्यप, गौतम कश्यप, विक्रम सिंह, राजू कर्ष, उमाशंकर कर्ष, अमृत साहू, संतोष सोनी ,तिलक कश्यप, नंद कश्यप ,बिट्टू कश्यप ,लालू कश्यप, शुभम कर्ष ,राजा सोनी , छत बाई कर्ष ,मरघट्टनीन ,सेमरिहीन ,केरीहीन , गीता बाई के अलावा ग्रामवासी उपस्थित थे।

कुटरा में 'वोट बचाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ' अभियान के तहत ग्राम चौपाल एवं जनसंवाद

चुनाव में पारदर्शिता और आमजन को महंगाई से राहत देना सरकार की जिम्मेदारी : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और बेलगाम महंगाई जैसे जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जांजगीर ग्रामीण द्वारा 13 नवंबर को ग्राम कुटरा में सेक्टर स्तरीय 'वोट बचाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ' अभियान के तहत ग्राम चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसजनों और ग्रामीणों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की।

चौपाल में कथित वोट चोरी, मतदाता सूची में अनियमितताओं, निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा लगातार बढ़ती महंगाई पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग का समर्थन किया। कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विवेक सिंह सिसोदिया ने कहा कि लोकतंत्र की



जनचौपाल में उपस्थित लोगों को संबोधित करते जिला कांग्रेस के महामंत्री।

मजबूती, जनता के अधिकारों की रक्षा और महंगाई के खिलाफ संघर्ष केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनहित के प्रति कांग्रेस की सामूहिक जिम्मेदारी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तथ्यों और आंकड़ों के माध्यम से वोट चोरी एवं मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा देश के सामने रखा है। इन सवालों पर निर्वाचन आयोग को तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए, क्योंकि उसकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। खाद्य पदार्थों, बिजली, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से रसोई का बजट बिगड़ गया है। मध्यमवर्गीय परिवारों, किसानों, मजदूरों और गरीबों की आर्थिक परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। सरकार की प्राथमिकता जनता को महंगाई से राहत देना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनाव कराने से नहीं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में जनता के विश्वास, संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा से सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्लॉक अध्यक्ष बबला महाराज ने चौपाल के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों एवं कांग्रेसजनों का स्वागत किया। संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी धनसाय पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन सेक्टर अध्यक्ष दिनेश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयप्रकाश तिवारी, मोतीलाल साहू, परमेश्वर निर्मले, भोलूमितेश यादव, दिनेश पाण्डेय, शांति कुमार साहू सहित पदाधिकारी एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

